# मिशन शिक्षण संवाद

## बेसिक के शिक्षकों के अनूठे प्रयास

# टाइम लाइन एक्सप्रेस



## May, 2021



सम सामयिक घटनाओं पर आधारित कविताओं का संकलन

**शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण..**

## संकलन-

## काव्य मंजरी टीम, मिशन शिक्षण संवाद

Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस



दिनाँक- 01-5-2021

121

दिन- शनिवार

## श्रम दिवस

अन्तराष्ट्रीय मजदूर दिवस,
1 मई को मनाया जाता।
मजदूरों को मिले सम्मान,
इसलिए धूम से मनाया जाता।।



भारी भरकम बोझ उठाते,
फिर भी मुस्काते जाते।
मेहनत करके रोटी खाते,
किसी के आगे न हांथ फैलाते।।

घर बने या बने दुकान,
बिन मजदूर चले न काम।
ईंट उठाना या पत्थर ढोना,
छोटा-बड़ा कोई हो काम।



दिन-रात जो काम करें,
बहुत कम आराम करें।
मजदूर कह जिन्हें बुलाते,
आओ उनका सम्मान करें।।




रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 02.05.2021 **122** दिन- रविवार

## जन्म दिवस- सत्यजीत राय



सत्यजीत राय ने 02 मई 1921 में लिया जन्म,
स्थान कोलकाता बंगाली परिवार के घर।
माता थी सुप्रभा और सुकुमार थे पालक,
बचपन से फाइन आर्ट्स में रुचि रखता था बालक।।

भारतीय सिनेमा को दिया नया रंग नई पहचान,
फिल्म जगत को मिला शानदार फिल्मों का वरदान।
थे दिग्गज फिल्म निर्माता निर्देशक लेखक महान,
भारतीय सिनेमा का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया नाम।।

पाथेर पांचाली, अपराजितो, चारुलता बनायीं फिल्म शानदार,
अद्भुत प्रयासों से प्रेरित हुए अनेकों फिल्मकार।
थे म्यूजिक कम्पोजर, कैलीग्राफर, फिक्शन राइटर,
फिल्म क्रिटिक, सेट ग्राफिक्स व डिजाइनर।।



पद्मभूषण, पद्मविभूषण, भारत रत्न सम्मान,
ऑस्कर अवार्ड, दादा साहेब फाल्के पुरस्कार।
32 भारतीय राष्ट्रीय पुरस्कार थे इनके नाम,
ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने दिया मानद उपाधि सम्मान।।



रचना-
रीना (स०अ०)
प्रा० वि०- सालेहनगर
वि० क्षेत्र- जानी, जनपद- मेरठ



Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 03/05/2021

123

दिन- सोमवार

# विश्व प्रेस स्वतन्त्रता दिवस

तीन मई, दो हजार बीस को,
विश्व प्रेस स्वतन्त्रता दिवस मनाया।
पहली बार हुआ इसका आयोजन,
दिवस मीडिया कर्मियों को भाया।।




मीडियाकर्मी, जो चढ़ते हैं,
भेंट अपने कर्तव्य पालन में।
दिवस है देता उन्हें श्रद्धान्जलि,
सच कहते, चाहे जान जोखिम में।।



किसी समाज का आईना,
होती है सचमुच प्रेस बच्चों।
प्रेस की आजादी बतलाती,
अभिव्यक्ति की आजादी बच्चों।।

लिया यूनेस्को और संयुक्त राष्ट्र ने।
इस दिवस को मनाने का निर्णय।
उद्देश्य है इसे मनाने का, हो प्रेस,
निर्भीक, सशक्त और निर्भय।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
पू० मा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर




Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक-04/05/2021 124 दिन- गुरुवार

## अन्ना चाण्डी



JUSTICE ANNA CHANDY

अन्ना चाण्डी नारी सशक्तिकरण
का एक प्रमुख स्वरूप है।
4 मई 1905 को केरल मे जन्मी
न्याय की ये प्रतिरूप हैं।।

वकालत पढकर केरल राज्य की
पहली महिला वकील बनी।
सन् 1937 मे जिला अदालत में
भारत की पहली न्यायाधीश बनी।।

अपने कार्यकाल के दौरान इन्होंने
महिलाओं की आशाओं को रूप दिया।
जब न्यायालयी सेवा मे आईं इन्होंने
मन लगाकर कार्य खूब किया।।

इन्होंने सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर,
महिला आरक्षण के लिए आवाज उठाई।
20 जुलाई 1966 के दिन केरल में
अंतिम साँस लेकर दुनिया से विदा हुईं।।


**रचना**
**ज्योति सागर (स०अ०)**
**उ० प्रा० वि० सिसाना**
**बागपत, बागपत**


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 5 मई 2021

125

दिन- बुधवार

## विश्व एथलेटिक्स दिवस



खिलाड़ियों के दौड़ने,
कूदने, फेंकने और चलने की क्षमता,
प्रतिस्पर्धा का आँकलन कहलाती है,
एथलेटिक्स प्रतियोगिता।
जिसकी हर साल बदलती तारीख,
नियत तिथि पर मनाते हैं,
दिवस एथलेटिक्स।।

स्कूल और संस्थाओं में,
एथलेटिक्स को बढ़ावा देना है।
एथलेटिक्स का कार्य,
युवा-प्रतिभाओं को खोजना है।।

IAAF के द्वारा जिसकी,
तारीख निर्धारित होती है।
संस्था के निर्देश वाली,
एथलेटिक्स दिवस की तिथि होती है।।



1996 में मनाया गया,
पहला दिवस एथलेटिक्स है।
खेलों के लिए जागरूक करना,
उद्देश्य एथलेटिक्स का है।।

रचना
नीलम सिंह (स०अ०)
पू० मा० वि० रतनगढ़ी
हाथरस, हाथरस

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान





Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस

शिक्षक का सम्मान




दिनाँक- 06.05.2021

**126**

दिन- गुरुवार

## पण्डित मोतीलाल नेहरू जयंती

6 मई 1861 को एक महान विभूति का था जन्म हुआ,
पिता गंगाधर माता जीव रानी का जीवन था सफल हुआ।
सफल अधिवक्ता व राजनेता बनकर मोतीलाल नाम से प्रसिद्ध हुआ,
कांग्रेस के अध्यक्ष बने और स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया।।



कैंब्रिज विश्वविद्यालय से शिक्षा पाई,
अंग्रेजी न्यायालयों में अधिवक्ता का कार्य किया।
पत्नी स्वरूप रानी और जवाहर सा पुत्र मिला,
विजयलक्ष्मी जैसी पुत्री थी, परिवार जग में प्रसिद्ध हुआ।।

सन 1923 में स्वराज पार्टी का गठन किया,
भारतीय संविधान आयोग का अध्यक्ष बनकर,
नेहरू रिपोर्ट को था पेश किया,
प्रभावशाली व्यक्तित्व था गरीबों का सदा साथ दिया।।



गाँधी जी की संगति में देशी जीवन शैली को अपनाया था,
परिवार के संरक्षण की खातिर स्वराज भवन बनाया था।
शिक्षा पर सदा जोर दिया समय से रहना सिखलाया था,
संघर्षों से जीवन है निखरता ये संदेश सुनाया था।।


**रचना-**


**डॉ० नीतू शुक्ला (प्र०अ०)**
**मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1**
**सिकंदरपुर कर्ण-उन्नाव**


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान






Scanned with Cam



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 07.05.2021 | 127 | दिन- शुक्रवार

## सीमा सड़क स्थापना दिवस

भारत के नवनिर्माण में,
सड़कों का विस्तार जरूरी।
जनता के उन्नत भविष्य में,
सीमाओं की सुरक्षा जरूरी।।

Border Roads Organisation

इस हेतु 7 मई 1960 को,
सीमा सड़क संगठन की स्थापना हुई।
बहुमुखी पारदेशीय संगठन
चतुर्दिक ख्याति इसकी प्रतिष्ठित हुई।।

अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से स्थापित,
भारत का सम्बन्ध हुआ।
पूरब-पश्चिम की दूरी मिटी,
मजबूत अपना अब सम्बन्ध हुआ।।

दुर्गम इलाकों में पहुँचना,
इससे कितना सहज हुआ।
मजबूत हुआ भारत का प्यार,
नागरिकों का मिलन सुलभ हुआ।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

*रचना-*
सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० रुद्रपुर खजनी, खजनी, गोरखपुर




Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 08.05.2021 | 128 | दिन- शनिवार

## विश्व रेडक्रास दिवस




पहले नोबल प्राइज विनर,
जॉन हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन पर।
8 मई 1984 से हुई शुरुआत,
मनाया जाने लगा अन्तर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस ।।




जॉन हेनरी ड्यूनेंट थे विश्व रेडक्रास समिति के संस्थापक,
सभी प्रकार के मानवीय मूल्यों के थे वे उपासक।
युद्ध और विपदा में होने वाली कठिनाइयों से दिलाना राहत,
यही है रेडक्रास वॉलिंटियर्स की सबसे बड़ी चाहत।।

मानवीय गतिविधियों को करना प्रेरित,
आरम्भ करना और करना उन्हें प्रोत्साहित।
आपदा प्रतिक्रिया और आपदा तैयारियां,
स्वास्थ्य व केयर से साधते सबका हित।।

रेडक्रास समिति के सिद्धान्त है सात,
मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता।
स्वैक्षिक, एकता और सार्वभौमिकता,
वॉलिंटियर्स इनको करते है आत्मसात।।



रचना- रूपी त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी
क्षे०- सरवनखेड़ा
जनपद- कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ।


9458278429

Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान    शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

## टाइमलाइन एक्सप्रेस



दिनाँक- 09 मई 2021    **129**    दिन- रविवार

## जन्मदिवस

## *महाराणा प्रताप*

भारतीय इतिहास का गौरव,
स्वाभिमानी और दृढ़प्रतिज्ञ।
महाराणा प्रताप परम प्रतापी,
शौर्य और साहस के प्रतीक।।



कुम्भलगढ़ दुर्ग में जन्म लिया,
महाराजा उदयसिंह के परिवार।
09 मई 1540 को महारानी,
जीवन्त कँवर का भर दिया संसार।।

प्रिय घोड़े चेतक को संग ले,
भीषण युद्ध लड़े हल्दीघाटी में।
भटके वन में, घास की रोटी खाई,
किन्तु साहस से डटे रहे रण में।।

आजीवन स्वीकार नहीं की,
अधीनता मुगलों की राणा जी ने।
हिम्मत न हारे दुर्ग सब जीते,
वीर योद्धा महाराणा जी ने।।



रचना
सीमा मिश्रा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा, जनपद- फतेहपुर



Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस




दिनाँक-10/05/2021

130

दिन- सोमवार

## भारत का प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम




अंग्रेजी साम्राज्य की मनमानी से,
आक्रोशित जनता सारी थी।
भारत के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम को,
मेरठ से फूटी क्रांति चिंगारी थी।।
10 मई 1857 को हुई प्रथम क्रांति,
श्रेय अमर शहीद धनसिंह गुर्जर को।
चकनाचूर हुई अंग्रेजों की भ्रांति,
"क्रांति दिवस" मनाते हैं 10 मई को।।

अमर हुए मंगल पाण्डेय बलिदानी,
तात्या टोपे हों या रानी लक्ष्मीबाई।
अलीमुल्ला या बहादुरशाह जफर,
नाना साहब या बेगम हजरत महल।।

विकराल हुई क्रांति की चिंगारी,
ईस्ट इंडिया कम्पनी के अंत की बारी।
मिला दिया गया भारतीय साम्राज्य में,
अमिट छाप छोड़ी भारतीय इतिहास में।।



रचना
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा०वि०टिकरी-मनौटी,
खजुहा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान

आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ। 9458278429

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 11 मई 2021

131

दिन- मंगलवार

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

भारत में मनाते 11 मई को,
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस।
अटल जी ने 11मई1998 को,
घोषित किया ऐतिहासिक दिवस।।

कलाम जी के मार्गदर्शन में,
पोखरण परमाणु परीक्षण हुआ।
न्यूक्लियर पावर देश के रूप में,
छठवाँ देश भारत घोषित हुआ।।




उपलब्धियों से अलंकृत होकर,
जश्न मनाते तकनीकी नवाचारों का।
भारतीय वैज्ञानिक और इंजीनियर,
करते आयोजन प्रतियोगिताओं का।।

विकास बोर्ड सम्मानित करता,
भारतीय स्वदेशी प्रौद्यौगिकी को।
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस बताता,
विज्ञान में भारतीय योगदान को।।

रचना
अनुप्रिया यादव (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा , फतेहपुर



आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ।

9458278429

Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 12.05.2021

132

दिन- बुधवार

## अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

वह जख्मों को मरहम लगाने आयी थी,
सात समुद्र पार ब्रिटिश की धरती पर जन्मी थी।
12 मई 1820 को भू पर एक धरती की बेटी उतरी थी,
फ्लोरेंस नाइटिंगेल सुन्दर नाम को लेकर आयी थी।।



इंसान की फितरत है वह अपने लिए जीता है,
लेकिन वह तो दूसरों के लिए जीती थी।
आदर व सद्भाव के साथ रोगी की सेवा करती थी,
वह दया की मूर्ति लेडी विद द लैम्प कहाती थी।।
मानवता के प्रति जिसे प्यार था,
अभाव ग्रस्तों के लिए सेवा का भाव था।
भेदभाव तो तनिक भी नहीं था,
देखभाल का जिसके अन्दर एक अनोखा ज्ञान था।।
घायल सैनिकों का किया उपचार,
रॉयल रेड क्रास से हुआ सम्मान।
13 अगस्त 1919 को रोहिणी हुई अस्त,
12मई 1965 से याद में शुरु हुआ विश्व नर्स दिवस।।

रचना-
माधव सिंह नेगी (प्र०अ०)
रा० प्रा० वि० जैली
ब्लॉक-जखोली
रुद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान





Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 13-5-2021

133

दिन- गुरुवार

## प्रथम संसद सत्र दिवस



जब भारत ने अंग्रेजों से,
स्वतंत्रता पाई थी।
गणतंत्र भारत बनने के बाद,
संसद की बैठक बुलाई थी।।

पहली संसद सत्र की बैठक,
तेरह मई के नाम है।।
13 मई का इतिहास में,
अपना एक मकाम है।।

तीन अप्रैल 1952 को,
राज्यसभा का हुआ गठन।
सत्रह अप्रैल 1952 को,
लोकसभा का हुआ गठन।।

संसद भारत का सर्वोच्च,
विधायी निकाय है।
लोकतांत्रिक इतिहास में,
इसके प्रारम्भ का दिन खास है।।




रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 14 मई 2021

134

दिन- शुक्रवार

## मार्क जुकरबर्क



14 मई 1984 को जन्म लिया,
सफल उद्यमी मार्कजुकर बर्क ने।
प्रिंसिल्ला चेन संग विवाह किया,
फेसबुक के सह संस्थापक ने।।

शुरू किया स्कूल में प्रोग्रामिंग को,
बनाया जकनेट नामक साफ्टवेयर।
किया डिजाइन फेसमैश वेबसाइट को,
निर्मित किया सिनाप्स म्यूजिक प्लेयर।।

2014 में फेसबुक प्रारम्भ किया,
हार्वर्ड छात्रालय के कमरे से।
सोशल मीडिया को बढ़ावा दिया,
फेसबुक की नवीन क्रांति से।।

हुई समानता सफल बिल गेट्स से,
किया विभिन्न पत्रिकाओं ने पुरस्कृत।
2010 में पर्सन ऑफ द ईयर से,
अमरीकी पत्रिका ने किया अलंकृत।।

रचना
आरती यादव (स०अ०)
प्रा० वि० रनिया प्रथम
सरवन खेड़ा, कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान



आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ।

9458278429

Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक-15/05/2021

135

दिन- शनिवार

## विश्व परिवार दिवस




दुनिया में सबसे प्यारा होता परिवार,
ईश्वर भी वहाँ बसते जहाँ बसता परिवार।
परिवार से हमको मिलते सद्गुण संस्कार,
जहाँ मिलती हैं दुआएँ आशीर्वाद भी अपरम्पार।।




परिवार के बिना है ना अपना कोई मोल,
इन रिश्तों को कभी भी दौलत से ना तौल।
होता है हमारे सिर पर परिवार का जब हाथ,
ना होते हैं हम अकेले ना कहलाते अनाथ।।

परिवार का महत्व है सदियों पुराना,
बिन परिवार के किसी को किसने है जाना।
परिवार से अलग होने की ना करें नादानी,
परिवार संग होता है तो लिखती नई कहानी।।

रचना -
अंशिका शर्मा (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय-नौजरपुर
निधौली कलाँ, एटा


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 16/05/2021

136

दिन- रविवार

## मंगलेश डबराल




हिन्दी कवियों में सबसे चर्चित,
मंगलेश डबराल जी का नाम हुआ।
उतराखण्ड के काफूलपानी गाँव में,
16 मई सन् 1948 में इनका जन्म हुआ।।

कविता के अतिरिक्त साहित्य और संस्कृति,
जैसे विषयों पर भी लेखन किया।
दिल्ली, भोपाल, इलाहाबाद और लखनऊ,
कला परिषद तथा अमृत प्रभाव का सम्पादन किया।।

पाँच काव्य संग्रह के साथ-साथ,
दो बाघ संग्रह भी इनके प्रकाशित हुए।
पहाड़ पर लालटेन ,घर का रास्ता,
लेखक की रोटी जैसी कृतियाँ, लेख सुज्जित हुए।

ओम प्रकाश स्मृति सम्मान, साहित्य अकादमी पुरस्कार
से इन्हें सम्मानित किया गया।
शोर-शराबे नही प्रतिपक्ष रचना करते करते,
9 दिसम्बर 2020 में इनका निधन हो गया।।

रचना
नीलम भास्कर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, जनपद- बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान





Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 17-5-2021 | 137 | दिन- सोमवार

### विश्व दूर संचार

विश्व दूर संचार दिवस,
17 मई को हम मानते हैं।
दूर संचार से हुई प्रगति,
कैसे यह सबको बताते हैं।।




वर्तमान समय में इन्टरनेट,
जीवन एक बड़ा हिस्सा।
इन्टरनेट न होता अगर तो,
लगता अधूरा हर किस्सा।।



एक पल में यह हमको,
हर सन्देश पहुँचाएँ।
देश-विदेश की खबरें,
घर बैठे दिखलाएँ।।

मनोरंजन हमारा यह,
घर बैठे-बैठे कराता है।
घर पर बैठे-बैठे ही अब,
हर सामान भी आ जाता है।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



Scanned with Cam...

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस



दिनाँक- 18.05.2021

138

दिन- मंगलवार

## पोखरण परमाणु विस्फोट दिवस




18 मई 1974 प्रथम भूमिगत पोखरण परीक्षण हुआ,
स्थान राजस्थान जैसलमेर गाँव मलका को चुना।
इसकी प्रस्तावना को 1972 में लिखा गया,
पी० एम० इंदिरा गाँधी ने इसे अनुमोदित किया।।



75 वैज्ञानिक, इंजीनियरों ने 7 वर्ष तक परिश्रम किया,
बी ए आर सी के निदेशक थे डॉ० राजा रमन्ना।
बुद्ध पुर्णिमा थी, इसे स्माइलिंग बुद्धा नाम दिया,
यह परीक्षण देश ने शान्ति व्यवस्था बनाने हेतु किया।।

संयुक्त राष्ट्र परिषद के 5 स्थायी देशों के अलावा,
भारत ने यह गोपनीय परीक्षण करने का साहस किया।
मलका गाँव के सूखे कुएँ में परीक्षण सम्पन्न हुआ,
वहाँ गौरवशाली पलों की कहानियाँ होती हैं बयाँ।।



वजन इसका 1400 किलो, व्यास 1·25 मीटर था,
12 हजार TNT क्षमता का विस्फोट किया गया।
न्यूक्लियर धमाके से देश के संग विश्व भी गूँज उठा,
भारत परमाणु सम्पन्न देशों में नामित हुआ।।



रचना:
रीना (स०अ०)
प्रा० वि० सालेहनगर
वि० क्षेत्र- जानी, जनपद- मेरठ



Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 19/05/2021 | **139** | दिन- बुधवार

## रस्किन बॉण्ड



उन्नीस मई 1934 सन् में,
थे जन्मे रस्किन बॉण्ड।
माता एरिथ क्लार्क थीं,
पिता इनके थे अब्रे बॉण्ड।।

भारत में हिमाचल प्रदेश का,
मोहक स्थान कसौली ग्राम।
जन्मे एक फौजी अस्पताल में,
बसते अब देहरादून अभिराम।।

बचपन में ही पिता का साया,
हो गया इनसे बहुत ही दूर।
अंग्रेजी बाल साहित्य को लिखकर,
हो गये आप बहुत मशहूर।।

फ्लाइट ऑफ पिजन्स, एंग्री रिवर,
उपन्यास हैं प्यारे।
पद्म श्री,पद्म भूषण आदि पुरस्कारों,
से सम्मानित हुए हैं न्यारे।।




रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
पू० मा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस




दिनाँक- 20/05/2021

140

दिन- गुरुवार

## सुमित्रा नंदन पंत



हिन्दी साहित्य में छायावादी युग,
के चार स्तम्भों में से एक बने।
सुमित्रानंदन पढते समय नाम चुना,
20 मई 1900 को कौसानी में जन्में।।

माँ जन्म के समय ही गुजर गई,
पिता चाय बागान के थे मैनेजर।
भाई संस्कृत, अंग्रेजी के ज्ञाता थे,
इनमें भी थे छोटे से ही कविता के हुनर।।

महात्मा गाँधी और कार्ल मार्क्स से,
होकर प्रभावित कई रचनाएं लिखी।
उन्होंने यथार्थ के साथ साथ रच डाली,
प्रकृति और मनुष्य के टकराव की स्थिति।।

पद्म भूषण, ज्ञानपीठ, साहित्य अकादमी
जैसे पुरस्कारों से इन्हें नवाजा गया।
उनके रचनाकाल में आधुनिक कविता
का पूरा एक युग है समाया हुआ।।

*रचना*
ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत,जनपद- बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 21-5-2021

**141**

दिन- शुक्रवार

## 21 मई आतंकवादी विरोधी दिवस

दिवस 21 मई 1991 को आतंकवादियों ने,
प्रधानमंत्री राजीव गांधी को मानव बम से उड़ा दिया।
आहत होकर वी०पी०सिंह सरकार ने,
आतंकवाद विरोधी दिवस मना दिया।




राजीव गांधी की पुण्य स्मृति पर,
आतंकवादी विरोधी दिवस मनाया जाता।
शपथ दिलाकर जन-जन को,
आतंकवादियों की हिंसा के बारे में बताया जाता।



भारत में हर साल 21 मई को,
आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता।
उद्देश्य समझाकर सबको इसका,
एकता के सूत्र में बधने का वचन दिलाया जाता।

दूर रहो आतंकवाद और हिंसा से,
देश भक्ति का मार्ग दिखाया जाता।
धर्म जाति और मजहब की दीवारें तोड़कर,
हाथों में हाथ लिए, आगे बढ़ने का पाठ पढ़ाया जाता।

रचना -
नीलम सिंह (स० अ०)
पू० मा० वि० रतनगढ़ी
ब्लॉक-हाथरस

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 22/05/2021

142

दिन- शनिवार

## राजा राममोहन राय



22 मई 1772 को एक महान विभूति का जन्म हुआ,
राम-कृष्ण सा जीवन था, राजा राम मोहन राय नाम मिला।
पिता रमाकांत, माता तारिणी देवी का जीवन तब सफल हुआ,
भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत ने जब भारत में जन्म लिया।।

ब्रह्म समाज के बने संस्थापक,भारतीय भाषाई प्रेस के प्रवर्तक,
बंगाल नवजागरण युग के पितामह, सामाजिक सुधार के समर्थक।।
दूरदर्शिता और वैचारिकता के पोषक, रूढ़िवाद और कुरीतियों के संघारक।
हिन्दी भाषा के महा समर्थक, संस्कार, परम्परा और राष्ट्रगौरव के रक्षक।।



बाल विवाह, सती प्रथा, कर्मकांड और पर्दाप्रथा,
कुरीतियों और अंधविश्वासों से परे समाज निर्माण किया।
स्वतंत्रता संग्राम और पत्रकारिता क्षेत्र में अभूतपूर्ण योगदान दिया,
ब्रहमसमाज मैगजीन, कौमुदी संवाद, बंगदूत का संपादन कुशल किया।।

भारतीय समाज का एक सितारा चमकदार,
आधुनिक भारत के जन्म का बना हकदार।
सामाजिक रूढ़िवादिता और जातिवादी व्यवस्था का विरोधी,
समता और एकता की देश में चलाई थी आंधी।।

**रचना-**

**डॉ० नीतू शुक्ला(प्र०अ०)**

**मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1**

**सिकंदरपुर कर्ण-उन्नाव**

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान





Scanned with Cam

new text

शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 23.05.2021 | 143 | दिन- रविवार

## अंतरराष्ट्रीय तिब्बत मुक्ति दिवस



एक पठारी देश है तिब्बत,
राजधानी इसकी ल्हासा है।
भोट नाम से जाने दुनिया,
तिब्बती इसकी भाषा है।।

23 मई को मुक्ति दिवस,
तिब्बत के लोग मनाते हैं।
हर नागरिक का स्वतंत्रता,
है अधिकार बताते हैं।।

मुक्ति के संघर्ष युद्ध के,
दलाई लामा भी योद्धा थे।
विश्व शांति के अग्रदूत,
तिब्बती स्वाधीनता के पुरोधा थे।।



*रचना-*
सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० रुद्रपुर खजनी, खजनी, गोरखपुर




Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 24.05.2021

144

दिन- सोमवार

## जन्मदिवस-एवरेस्ट विजेता बछेन्द्रीपाल





महिलाओं की योग्यता पर उठने वाले,
धूमिल हो गए सभी सवाल।
जब माउंट एवरेस्ट के सर्वोच्च शिखर पर,
प्रथम भारतीय महिला बन पहुचीं बछेन्द्री पाल।।

24 मई 1954 को उत्तरकाशी में था जन्म लिया,
पर्वतारोही बनने के लिए परिवार ने ही विरोध किया।
पायी दिशा जीवन की माउंटेनियरिंग का कोर्स किया,
ब्रिगेडियर ज्ञान सिंह ने बतौर इंस्ट्रक्टर नियुक्त किया।।

रच डाला इतिहास,
गर्व से हर हृदय था हुलसाया।
माउण्ट एवेरेस्ट के सर्वोच्च शिखर पर,
23 मई 1984 को जब तिरंगा लहराया।।

आपदा आयी जब जब मानवता पर,
दिया अपना अमूल्य योगदान।
पद्मश्री, अर्जुन पुरस्कार, लक्ष्मीबाई जैसे पाए कई सम्मान,
इस्पात टाटा स्टील में आजभी दे रही अपना योगदान।।



रचना-
रूपी त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी
क्षे०- सरवनखेड़ा
जनपद- कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान



Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 25 मई 2021 | 145 | दिन- मंगलवार

## पुण्यतिथि
## संगीतकार लक्ष्मीकांत



फिल्मों में लोकप्रिय धुन देने वाले,
प्रसिद्ध संगीतकार लक्ष्मीकांत।
लक्ष्मीकांत प्यारेलाल जोड़ी के,
संगीत प्रतिभा के धनी लक्ष्मीकांत।।

25 मई 1998 का दिन था दुखद,
संगीतकार लक्ष्मीकांत का हुआ निधन।
किडनी का फेल होना बना कारण,
खो दिया हमने संगीत का रत्न।।

लक्ष्मीकांत ने जीवन में किया संघर्ष,
09 वर्ष की उम्र में संगीत से जुड़े सहर्ष।
संगीत प्रतिभा के बल पर मिला मौका,
उस्ताद हुसैन अली ने दी संगीत शिक्षा।।

प्यारेलाल संग जोड़ी बनाकर,
फिल्मी दुनिया को दी नई पहचान।
भारतीय संगीत की इस धरोहर को,
खो दिया हमने थे जो संगीत की जान।।



रचना
सीमा मिश्रा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर



Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस



दिनाँक-26/05/2021

146

दिन- बुधवार

## सुशील कुमार

सुशील कुमार कुश्ती पहलवान,
सतपाल सिंह थे कोच महान।
जन्मे 26 मई 1983 को,
माता कमला पिता दीवान।।



बचपन से कुश्ती के दीवाने,
बापरौला दिल्ली में रहने वाले।
बीजिंग ओलम्पिक जीतने वाले,
कांस्य पदक से मिली पहचान।।

लंदन ओलम्पिक में रजत पदक,
राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक।
भारतीय रेलवे में हैं कार्यरत,
अर्जुन पुरस्कार से हैं सम्मानित।।

पूरा जीवन कुश्ती को समर्पित,
कर दिया देश को है अर्पित।
राजीव गाँधी खेल-रत्न सम्मान,
पद्मश्री से हुआ सम्मान।।



शिक्षा का उत्थान — मिशन शिक्षण संवाद — शिक्षक का सम्मान

रचना
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा०वि०टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर



Scanned with Ca

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस




दिनाँक- 27 मई 2021

**147**

दिन- गुरूवार

## पण्डित जवाहर लाल नेहरू




प्रथम प्रधानमंत्री आजाद भारत के,
बने पंडित जवाहर लाल नेहरू।
27 मई 1964 पुण्यतिथि जिनकी,
थे बच्चों के प्यारे हमारे चाचा नेहरू।।

स्वतंत्रता संग्राम के नायक,
एक असाधारण विद्वान थे।
भारतीयों के पथ प्रदर्शक,
नेहरू जी सरल स्वभाव के थे।।

विश्व को पंचशील का सिद्धांत देकर,
जेल में अनेक किताबें लिखी।
टूवार्ड फ्रीडम आत्मकथा लिख कर,
डिस्कवरी ऑफ इण्डिया भी लिखी।।

शीश झुका कर हम याद करते,
भारत के महान निर्माणकर्ता को।
27 मई को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि देते,
करते शत- शत नमन नेहरू जी को।।


रचना
अनुप्रिया यादव (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा , फतेहपुर


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ।

9458278429

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 28.05.2021

148

दिन- शुक्रवार

## जन्मदिवस
## वीर सावरकर



28 मई सन् 1883 को जन्मे,
थे एक महान राष्ट्रवादी नेता।
उनके महान कार्यों को जानकर,
नाम था विनायक दामोदर सावरकर।।

सम्पूर्ण देशवासियों के लिए,
एक महान प्रेरणास्रोत।
अपनी देशभक्ति और सेवा से,
किया था हर एक को ओत- प्रोत।।

देश की आज़ादी के लिए,
क्रान्तिकारी गतिविधि बनायी थी।
अपने चिन्तन और मनन से,
जड़ें ब्रिटिश शासन की हिलायी थी।।

हिन्दुत्व और महान राष्ट्रवाद के,
महान विस्तारक माने जाते हैं।
इसीलिए विनायक दामोदर सावरकर,
सम्पूर्ण देश में पूजे जाते हैं।।


रचना-
देवेश्वरी सेमवाल (स०अ०)
रा० उ० प्रा० वि० कान्दी
ब्लॉक- अगस्त्यमुनि
रुद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड





शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस



दिनाँक- 29/05/2021

149

दिन- शनिवार

## माउंट एवरेस्ट दिवस



नाम इसका माउंट एवरेस्ट,
8848 मीटर है इसकी ऊँचाई।
एवरेस्ट को हमने विश्व की,
सबसे ऊँची चोटी पर फतह पाई।।

नेपाल की चोटी यह,
कहते वहाँ सागरमाथा।
हिमालय का भाग यह,
चोमोलंगमा भी जाना जाता।।



29 मई 1953 के दिन,
चढ़े हिलेरी और तेनजिंग।
दुर्गम थीं यह चोटी,
काम था चैलेंजिग।।

तब से हर वर्ष एवरेस्ट दिवस,
हम सब है मनाते।
पर्वतारोही शौक़ से देखो,
हिम्मत जुटा कर जाते।।


रचना-
सुमन कुशवाहा (प्र०अ०)
प्रा०वि० भगवानपुर
विकास खण्ड - नेवादा
जनपद कौशाम्बी




आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ।

9458278429

Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइमलाइन एक्सप्रेस



दिनाँक- 30 मई 2021

150

दिन- रविवार

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस

30 मई 1826 का दिन था खास,
हुआ उद्भव हिन्दी पत्रकारिता का।
मनाते हम हिन्दी पत्रकारिता दिवस,
प्रकाशन हुआ हिन्दी अखबार का।।

हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास में,
है योगदान पण्डित जुगल जी का।
किया सम्पादन ब्रिटिश काल में,
प्रथम अखबार उदन्त मार्तण्ड का।।




क्रिया प्रयोग अवधि व ब्रजभाषा का,
शुक्लजी ने इसके सम्पादन व प्रचार में।
उदंत मार्तण्ड साप्ताहिक अखबार का,
भय था व्याप्त अंग्रेजी शासकों में।।

समय था अल्प इसके प्रकाशन का,
जिसमें हुई 500 प्रतियाँ प्रकाशित।
दिसम्बर 1827 को उदंत मार्तण्ड का,
अंतिम 79 वाँ अंक हुआ प्रकाशित।।


रचना
आरती यादव (स०अ०)
प्रा० वि० रनिया प्रथम
सरवन खेड़ा, कानपुर देहात


शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 31/05/2021

151

दिन- सोमवार

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस




31 मई को प्रतिवर्ष तम्बाकू निषेध दिवस मनाते,
जन-जन को तम्बाकू से बचने की बात सिखाते।
नशे की लत होती है बुरी यही समझाते,
इसने है लाखों को लीला खबर यही सुनाते।।




तम्बाकू से बचने को हमने ये मुहिम चलायी,
दूर युवा जो इन लतों से उनकी टीम बनायी।
घर-घर जाकर बुरी लतों से दूर रहना बताया,
तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान हमने अपना बनाया।।

शारीरिक, आर्थिक तरह की होती हानि इससे,
तम्बाकू को छोड़ रहे हो ये बताओ मुझे कबसे।
बीड़ी, गुटका, तम्बाकू से हर पल दूर रहना,
अलग अलग हैं रूप इसके सबसे तुमको बचना।।


रचना-
अंशिका शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० नौजरपुर
निधौली कलाँ, एटा


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।






Scanned with Cam

# मिशन शिक्षण संवाद

## रचनाकारों की सूची

रीना, मेरठ
शिखा वर्मा, सीतापुर
ज्योति सागर, बागपत
नीलम सिंह, हाथरस
नीतू शुक्ला, उन्नाव
सुषमा त्रिपाठी
रूपी त्रिपाठी,कानपुर देहात
सुमन पाण्डेय, फतेहपुर
अनुप्रिया यादव, फतेहपुर
शहनाज बानो, चित्रकूट
माधव सिंह नेगी, उत्तराखंड
आरती यादव, कानपुर देहात
अंशिका शर्मा, एटा
नीलम भास्कर, बागपत
सीमा मिश्रा, फतेहपुर
देवेश्वरी सेमवाल, उत्तराखंड
सुमन कुशवाहा, कौशाम्बी

**टेनिकल टीम-**
जितेंद्र कुमार, सुधांशु श्रीवास्तव, हेमलता गुप्ता, आयुषी अग्रवाल

**मार्गदर्शन-** राज कुमार शर्मा, चित्रकूट

**संकलन-**
काव्य मंजरी टीम, मिशन शिक्षण संवाद

Scanned with Cam